भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1990

दिनांक 06.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत और रूस के बीच समझौता

1990. **डॉ. थोल तिरूमावलवनः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान रूस के साथ किसी प्रकार के समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ख) यदि हां, तो रक्षा समझौतों और सामान्य व्यापार समझौतों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हमारे देश के निजी व्यापारिक घरानों ने विगत तीन वर्षों के दौरान रूस अथवा किसी रूसी निजी व्यापारिक घराने के साथ किसी प्रकार के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे समझौतों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) और (ख) भारत और रूस की सरकारों के बीच पिछले तीन वर्षों में रक्षा और सामान्य व्यापार से संबंधित करारों का विवरण निम्नानुसार है:

(i) भारत गणराज्य की सरकार और रूसी संघ की सरकार के बीच 2021 से 2031 तक सैन्य-तकनीकी सहयोग कार्यक्रम पर करार, जिसपर 06 दिसंबर, 2021 को हस्ताक्षर किए गए।

(ii) भारत गणराज्य की सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा रूसी संघ के बौद्धिक संपदा हेतु संघीय सेवा के बीच बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग ज्ञापन, जिसपर 03 दिसंबर, 2021 को हस्ताक्षर किए गए।

(ग) और (घ) भारत के निजी व्यापारिक घरानों द्वारा रूस या रूसी निजी व्यापारिक घरानों के साथ हस्ताक्षरित संधियों, करारों, समझौतों से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं है।

*****